सीमेंट संयंत्र का नाम	1992-93		1993-94 (अप्रैल-जून)	
	सीमेंट उत्पादन (प्रतिशत)	क्षमता उपयोग (%)	सीमेंट उत्पादन	क्षमता उपयोग (%)
उत्तर प्रदेश राज्य सीमेंट निगम चुनार	5.27	31.37	2.12	50.34
उत्तर प्रदेश राज्य सीमेंट निगम चुर्क	0.86	18.11	0.20	16.58
उत्तर प्रदेश राज्य सीमेंट निगम डल्ला	0.39	9.03	0.20	18.92
डायमन्ड सीमेंट झांसी	6.19	123.80	1.82	145.80
योग	12.71	41.17	4.34	56.21

लघु उद्योगों की स्थापना के लिए आर्थिक परामर्शदायी सेवा

589. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने लघु उद्योगों की स्थापना एवं उनके विस्तार के संबंध में आर्थिक परामर्शदायी सेवाओं का प्रावधान करने के लिए कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार तथा गुजरात में इस संबंध में क्या कार्यवाहियां की गई हैं, और

(ग) इन सुविधाओं के परिणामस्वरूप गत वर्षों में इन राज्यों में लघु उद्योगों तथा इनमें कार्यरत मजदूरों की संख्या में कितनी बढ़ोत्तरी हुई है ?

उद्योग मंत्रालय (लघु उद्योग और कृषि तथा ग्रामीण उद्योग) में राज्य मंत्री (श्री एम. अरुणाचलम): (क) जी, हां।

(ख) राज्य औद्योगिक रुपरेखाएं तैयार करना, जिला औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण करना, बाजार सर्वेक्षण करना, परियोजना रुपरेखाएं तैयार करना, रुग्ण एककों को पुन: चालू करने के लिए सहायता देना, आधुनिकीकरण संबंधी अध्ययन करना आदि आर्थिक परामर्शदायी सेवाओं की नियमित विशेषताएं हैं, जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और गुजरात राज्य सहित देश में लघु उद्योग सेवा संस्थानों और उनकी शाखाओं द्वारा लघु एककों को उपलब्ध करायी जाती है। 4 राज्यों में पिछले 3 वर्षों के दौरान उद्यमियों को उपलब्ध कराये गये आर्थिक परामर्श इस प्रकार है:—

उद्यमियों की संख्या

राज्य	1990-91	1991-92	1992-93
उत्तर प्रदेश	1329	1746	823
मध्य प्रदेश	6422	6031	10643*
बिहार	4514	1557	1475
गुजरात	273	66	7704*

*तकनीकी, प्रबंधकीय तथा अन्य सहायता के क्षेत्र में उपलब्ध करायी गयी सेवाओं सहित।

(ग) पिछले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और गुजरात के राज्य उद्योग निदेशालयों में पंजीकृत तथा लघु उद्योग विकास संगठन (सीडो) के कार्य क्षेत्र में आने वाले एककों की संख्या में हुई वृद्धि इस प्रकार है:—

राज्य	पंजीकृत (सीडो) एककों की संचयी संख्या		
	31-12-90	31-12-91	31-12-92
उत्तर प्रदेश	185566	217376	247907
मध्य प्रदेश	160896	172545	184245 (अ)
बिहार	71403	76770	83782 (अ)
गुजरात	78441	86220	94879

(अ) अनंतिम

श्रमिकों की संख्या के राज्यवार वार्षिक अनुमान नहीं रखे जाते हैं। तथापि 1987-88 को संदर्भ वर्ष मानते हुए पंजीकृत लघु औद्योगिक एककों की दूसरी अखिल भारतीय गणना के अनुसार, इन राज्यों में पंजीकृत लघु एककों में कुल रोजगार इस प्रकार था:—

उत्तर प्रदेश	- 348909
मध्य प्रदेश	- 158808
बिहार	- 181781
गुजरात	- 276955

लघु क्षेत्र में एककों की संख्या तथा श्रमिकों की संख्या में वृध्दि अथवा कमी अनेक कारणों से होती है और आर्थिक परामर्शदायी सेवा की व्यवस्था इनमें से एक है।